हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

01 जुलाई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सौर ऊर्जा वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को नया आकार दे रही है।
- रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में किया बदलाव आज से लागू किया, किरायों में मामूली बढ़ौतरी की गयी।
- रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज रेल-वन एप का शुभारम्भ किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गंदे पानी को नालों में पूरी तरह गिरने से रोकने के निर्देश दिए।
- हरियाणा संस्कार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में दस हज़ार रूपये की बढ़ौतरी की।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सौर ऊर्जा वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को नया आकार दे रही है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को आगे बढ़ा रहा है। श्री मोदी ने एक समाचार दैनिक में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के प्रकाशित लेख को साझा करते हुए यह बात कही। इस लेख में देश के ऊर्जा क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की पुष्टि की गई है।

श्री जोशी ने कहा है कि भारत 224 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तक पहुंच गया है, जिसमें 108 गीगावाट केवल सौर ऊर्जा से प्राप्त होती है। श्री मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का लिखा हुआ एक लेख भी साझा किया है, जिसमें बेहतर कनेक्टिविटी और लद्दाख को इसके लाभ के लिए उपलब्ध कराए जा रहे प्रचुर संसाधनों का उल्लेख किया गया है।

***********

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में किया गया बदलाव आज लागू कर दिया। मंत्रालय द्वारा बिना-एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। इनका किराया एक पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है जबकि एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है।

मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य किसी शुल्क में भी कोई बदलाव नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य रेल किराए को युक्तिसंगत बनाना और यात्री सेवाओं के लिए वित्त पोषण बढ़ाना है।

और जानकारी के लिए चलते हैं हमारे संवाददाता के पास 1–अश्विनी कुमार शर्मा-39 सेकंड

यह संशोधित किराया राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वन्दे भारत और तेजस जैसी प्रीमियर और विशेष रेल सेवाओं पर भी लागू होगा।

********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेलवन ऐप का शुभारंभ किया, जो सभी रेल यात्री सेवाओं के लिए वन-स्टॉप समाधान है।
आज नई दिल्ली में सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के स्थापना दिवस पर यह ऐप शुरू की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते रेल मंत्री ने कहा कि रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए।
श्री वैष्णव ने कहा –

अश्विनी वैष्णव-32 सेकंड
रेल मंत्री ने कहा कि रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट भी बुक कर सकते हैं। यह ऐप रेल संबंधित पूछताछ, पीएनआर, यात्रा योजना, रेल मदद सेवाएं और ट्रेन में भोजन जैसी सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करता है।
रेलवन ऐप को एंड्रॉयड प्ले और आईओएस ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

*******

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया एक जन आंदोलन बन गया है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने पर एक ब्लॉग में उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल शासन से वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है।

************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*******

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने

गंदे पानी को नालों में गिरने से पूरी तरह रोकने  के  निर्देश  दिए  हैं।

उन्होंने कहा  कि प्रदेश में कहीं भी  सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल  नालों में प्रवाहित न हो,  इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी ऐसे स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में बजट  घोषणाओं की प्रगति के बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक चरण में अंबाला, कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिलों में इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन माह के भीतर  उल्लेखनीय सुधार किया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को  बजट घोषणाओं में किए गए सभी वादों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए ।

अरावली क्षेत्र में बनने वाली जंगल सफारी की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां ऐसे जानवर रखें जाएं जो मानव के लिए हानिकारक न हों। जंगल सफारी केंद्रीय चिड़िया घर प्राधिकरण के नियमों के तहत स्थापित की जाए। साथ ही मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए वहां ऐसे पौधों के बीज डाले जाएं जो प्राकृतिक रूप से उगकर स्थिर हो सकें।

उन्होंने पर्यावरण एवं वन विभाग की अन्य घोषणाओं की भी समीक्षा की ।

***********

कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा है कि पानी निकासी न होने के कारण किसी भी व्यक्ति का नुकसान हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और उस अधिकारी की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी।

नेहा सिंह

उन्होंने कहा कि पानी की निकासी और बाढ़ राहत से सम्बन्धित चल रहे कार्यों को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी 7 दिनों के अंदर कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र भी सौंपना सुनिश्चित करेंगे।

*************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का वर्ष 2029 तक प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें 3400 से अधिक करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों को बेहतर संसाधन और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि मानव सेवा की राह में डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन ने उल्लेखनीय योगदान किया है।

श्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

***********

हरियाणा सरकार ने सूरजमुखी की खरीद की अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष जून माह में बारिश होने के कारण सूरजमुखी फसल की देरी से कटाई हुई जिसके फलस्वरूप किसानों द्वारा फसल मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने में विलम्ब हुआ है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए ही सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस बार अब तक 47 हजार 300 मीट्रिक टन सूरजमुखी की खरीद की जा चुकी है।

******